# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-१ कार्यवाही-प्रश्नोत्तर ) ।

## शुक्रवार, तिथि १५ जुलाई, १९७७ ई० ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौलिक उत्तर : | |
| अल्प-सुचित प्रश्नोत्तर संख्या : ३६, ७०, एवं ७१ । | १—९ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : १४१, १३९, १४०, १४३, १४२, १४४, १४५, १४६, १५०, १५२, १५४, १५५, १५६, १५७, १५९, १६२, १६७, १७१, १७३, १७४, १७५, १७९, १८२, १८४, १८८, एवं १९० । | ९—४२ |
| प्रश्नों को सदन में रखने के सम्बन्ध में अध्यक्षीय व्यवस्था : | |
| परिशिष्ट ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) : .... ... | ४३—५४ |
| दैनिक निबंध .... ... .... | ५५—५६ |


टिप्पणी—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया हैं, उनके नाम के आगे (*) चिन्ह लगा दिया गया है ।

(२) अर्थाभाव के कारण नई सड़कों की सुधार हेतु स्वीकृत करना सम्भव नहीं है।

---

नगरपालिका का चुनाव।

१७३. **श्री विपिन बिहारी सिन्हा**—क्या मंत्री, नागरिक विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किक्या बात सही है कि सासाराम (जिला रोहतास) के नगरपालिका का चुनाव पिछले २० वर्षों से नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार कब तक इसका चुनाव कराने का विचार करती है ?

**श्रीमती सुमित्रा देवी**—उत्तर स्वीकारात्मक है परंतु सासाराम नगरपालिका पिछले बीस वर्षों से नहीं बल्कि दिनांक २०-७-१९६१ से अवक्रमित है। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आयुक्त एवं जिला पदाधिकारी, रोहतास को दिनांक २९-४-७७ को ही निदेश दिया जा चुका है।

---

सड़क का पक्कीकरण

१७४. **श्री बाबू लाल**—क्या मंत्री, ग्रामीण अभियंत्रण संगठन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि रजौली क्षेत्र के सिरदला प्रखंड में रजौली से फतहपुर जाने वाली सड़क के रजौन ग्राम के पास से तीन मील उत्तर मझगांव और बरदारा तक एक कच्ची सड़क गई है जिसके पक्का नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में बरदाहा, सांढ़, मँझगाँव, सोनारी, गढ़ानी, भेडारी, भोलाकारा, मोहगीय, पथरा, बंगरा, ढोरा, ग्रामों के निवासियों की काफी कठिनाई होती है;

(२) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त सड़क को शीघ्र पक्का करने का विचार करती है यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

**श्री जागेश्वर मंडल**—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) अर्थाभाव के कारण नई सड़कों के सुधार हेतु स्वीकृत करना अभी संभव नहीं है।